हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 23 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29 .8 डिग्री
न्यूनतम 10 .9 डिग्री

12 विराट हिंदू सम्मेलन में एकता और सांस्कृतिक...

12 प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधन में कृषि उत्पादकता...


# राजकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को वापस लौटाने होंगे टैबलेट

■ स्कूल मुखिया व संबंधित कक्षा प्रभारी टेलीफोन के माध्यम से विद्यार्थियों को टैबलेट वापस करने के लिए सूचित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शैक्षणिक सत्र 2025-26 समाप्त होने पर राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को दिए गए टैब वापस स्कूल में जमा करवाने को लेकर विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया है। निदेशालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार ई अधिगम योजान के तहत कक्षा 10वीं, 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए हैं। इन विद्यार्थियों में से कुछ विद्यार्थी सेकेंडरी, उच्च विद्यालयों (10वीं कक्षा तक के) में पढ़ रहे हैं, जिन्हें 10वीं के बाद वर्तमान विद्यालय से किसी अन्य विद्यालय में जाना ही है। इसी तरह 12वीं में पढने वाले विद्यार्थी भी वार्षिक परीक्षा पास करने उपरांत विद्यालय छोड़ कर चले जाएंगे। इसलिए विद्यार्थियों को वितरित किए गए टैबलेट्स जोकि विभाग की संपत्ति है उनके आदान-प्रदान के लिए विद्यालयों को दिशा निर्देश जारी किए जाने हैं। कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी द्वारा अपनी बोर्ड की परीक्षा के अंतिम दिन से पांच दिन के अंदर-अंदर विद्यालय में अपना टैबलेट, चार्जर व टैबलेट के साथ मिला सामान विद्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए। कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के टैबलेट्स वापस लेने उपरांत स्टाक रजिस्टर (जो टैबलेट्स वितरित करते समय विद्यालय द्वारा पूर्व में बनाया गया है) में विद्यार्थी का नाम, एसआरएन नंबर, अभिभावकों के नामए विद्यार्थी का आधार कार्ड का नंबरए टैबलेट का आइएमईआई नंबर, वापस किए टैबलेट व चार्जर और अगर टैबलेट में कोई टूट-फूट है तो उसकी जानकारी भी दर्ज करनी होगी। विद्यालय द्वारा ऐसे सभी विद्यार्थियों जिनके द्वारा टैबलेट विद्यालय में वापस जमा नहीं करवाए जाते हैं (यदि विद्यार्थी से टैबलेट गुम हो गया अथवा विद्यार्थी ने टैबलेट देने से मना कर दिया) की सूची बनाएं। इसके अतिरिक्त जो विद्यार्थी टैबलेट वापस नहीं करेंगे (टैबलेट गुम होने की स्थिति को छोड़कर) उनका परिणाम हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा रोक लिया जाएगा व ऐसे विद्यार्थियों का परिणाम डिजी लोकर पर भी अपलोड नहीं किया जाएगा।

### जो विद्यार्थी 10वीं के बाद उसी स्कूल में दाखिला लेंगे उनसे वापस नहीं लिया जाएगा टैबलेट

10वीं कक्षा के बाद जो विद्यार्थी अपने वर्तमान विद्यालय में ही कक्षा 11वीं में दाखिला लेंगे या पढ़ाई जारी रखने के इच्छुक होंगे उनसे टैबलेट वापस नहीं लिया जाना है। कक्षा 10वीं के वे विद्यालय जो विद्यार्थी 11वीं कक्षा में किसी अन्य विद्यालय में दाखिला लेने के इच्छुक हैं तो उनसे भी टैबलेट वापिस लिया जाएगा। विद्यार्थियों के टैबलेट्स व चार्जर को विद्यालय के पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब या अन्य स्थान पर सुरक्षित रखा जाए। विद्यालय मुखिया समय-समय पर टैबलेट्स का निरीक्षण करेंगे कि वह सुरक्षित रखे हैं। अगर कोई भी टैबलेट विद्यालय से चोरी हो जाता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी स्कूल मुख्यिा की होगी तथा एफआइआर भी संबंधित विद्यालय द्वारा दर्ज की जाएगी।

### शिक्षा निदेशालय ने निर्देश जारी किए : डीईओ



जिला शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल ने बताया कि 10वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के बाद पांच दिन के अंदर टैबलेट जमा करवाने होंगे। 10वीं कक्षा के जो विद्यार्थी 11वीं कक्षा में भी उसी स्कूल में दाखिले लेंगे उनसे टैबलेट वापस नहीं लिए जाएंगे। टैबलेट वापस जमा करवाने को लेकर विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं।

**इन्हें सौंपी जिम्मेदारी**

स्कूल मुखिया व संबंधित कक्षा प्रभारी टेलीफोन के माध्यम से विद्यार्थियों को टैबलेट वापस करने के लिए सूचित करेंगे और यह स्कूल प्रबंधन समिति यह सुनिश्चित करेगी कि सभी विद्यार्थियों ने टैबलेट वापस जमा करवा दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### कोचिंग के लिए निकली युवती हुई लापता

**जींद।** घर से कोचिंग सेंटर के निकली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर अलेवा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव नगूरां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से कोचिंग के लिए निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। अलेवा थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाड़े से 150 मुर्गे चोरी मामला दर्ज

**जींद।** गांव रायचंदवाला में बीती रात चोरों ने बाड़े का ताला तोड़ कर 150 मुर्गों को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव रायचंदवाला निवासी अजमेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने बस अड्डे के निकट मुर्गों का बाड़ा बनाया हुआ है। जिसमें 150 मुर्गे पाल रखे थे। गत दिवस वह दिल्ली गया हुआ था। रात को वहीं रूक गया। पीछे से चोरों ने बाड़े का ताला तोड़ कर उसके 150 मुर्गों को चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब सुबह परिवार के लोग मुर्गों को संभालने पहुंचे। अलेवा थाना पुलिस ने अजमेर की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अश्लील हरकत करने के छह आरोपित काबू

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने गांव जाजवान में जमीन विवाद में युवती से अशील हरकत करने तथा मारपीट करने के छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितो से पूछताछ कर रही है। गांव जाजवान निवासी एक युवती ने गत चार फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी गांव के ही धर्मबीर परिवार से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। उसी विवाद के चलते धर्मबीर परिवार ने उसके परिजनों के साथ मारपीट की। जब अपने परिजनों को बचा रही थी तो आरोपितों ने उसके साथ अशील हरकत की। गांव के अन्य लोगों ने उन्हें आरोपितो की चंगुल से छुड़ाया। सदर थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपित धर्मबीर, मुन्नी, विशाल, गोलू, महाबीर, साहिल, सागर, नीता के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### निराश्रितों को दी जा रही 2300 की वित्तीय सहायता

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा निराश्रित बच्चों को हर माह 2300 रुपये प्रति बच्चा (अधिकतम दो बच्चे) पेंशन प्रदान की जा रही है। इस स्कीम में 0 से 21 वर्ष तक की आयु के बच्चें, जो पिता की मृत्यु होने पर सहायता एवं देखभाल से वंचित रह जाते हैं। इसके अलावा पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने पर, माता-पिता की लंबी सजा होने के कारण या मानसिक व शारीरिक अक्षमता आदि होने पर निराश्रित हो जाते हैं।

### डिप्टी स्पीकर से मजदूर मोर्चा ने की मुलाकात

**जींद।** संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा के नेतृत्व में निर्माण मजदूरों ने हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा से मुलाकात की। मजदूरों ने 17 जनवरी के दिए गए आश्वासन का जवाब मांगा और लंबित मांगों पोर्टल खोलना, रुके लाभ जारी करना, मनरेगा बहाल करना आदि पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। डा. मिड्ढा ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से बात की थी और जल्द समाधान हो जाएगा लेकिन कोई स्पष्ट समयसीमा या लिखित आश्वासन नहीं दिया गया। इससे मजदूरों में गहरा असंतोष है। बार-बार के वादे खोखले साबित हो रहे हैं। सरकार मजदूरों के हितों को नजरअंदाज कर रही है।

## पर्यावरण शुद्धि एवं सनातन जागरण के लिए जींद में 108 कुंडीय महायज्ञ का भव्य आयोजन

# सनातन धर्म की परंपराओ में बसती भारतीय संस्कृति की आत्मा : बेदी

सायंकालीन सत्र की महाआरती में कैबिनेट मंत्री ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि सनातन धर्म की परंपराएं केवल धार्मिक अनुष्ठान नही बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। पर्यावरण शुद्धि तथा आमजन को सनातन संस्कृति से जोडऩे के उद्देश्य से 108 कुंडीय महायज्ञ जैसे भव्य आयोजन समाज को एकजुट करने और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कैबिनेट मंत्री शनिवार देर सायं जगतगुरु पीठाधीश चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट श्रीश्री 1008 हरिओम महाराज के सान्निध्य में किया जा रहा 103वां महायज्ञ की महाआरती में शामिल होकर लोगों को संबोधित कर रहे थे। केबिनेट मंत्री ने कहा कि भारत भूमि सदियों से संतों, ऋषि मुनियों और महापुरुषों की तपोभूमि रही है। भारतीय संस्कृति का मूल आधार आध्यात्मए नैतिकता और मानवता के उच्च आदर्शों पर टिका हुआ है। हमारे संत, महापुरुषों ने अपने उपदेशों, तप और त्याग से समाज को सत्य, अहिंसा, करुणा और सेवा का मार्ग दिखाया है। प्राचीन काल से ही भारत में ज्ञान की परंपरा रही है। वेद, उपनिषद, पुराण और महाकाव्य जैसे ग्रंथों ने मानव जीवन को दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जहां रामायण हमें मर्यादा, कर्तव्य और आदर्श जीवन का संदेश देती है वहीं महाभारत धर्म और अधर्म के संघर्ष के माध्यम से सत्य की विजय का संदेश देती है।



जींद। कार्यक्रम में बाबा का आशीर्वाद लेते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी।

### महायज्ञ से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा

बीती 18 से आगामी 27 फरवरी तक आयोजित इस महायज्ञ के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, वैदिक परंपराओं के संरक्षण एवं समाज में नैतिक मूल्यों के पुनर्स्थापन का संदेश दिया जा रहा है। यज्ञ स्थल पर आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन एवं सत्संग कार्यक्रमों के जरिये आध्यात्मिक वातावरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। आयोजकों ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर धर्म, संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत कार्य में भाग लेने का आह्वान किया है। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री के पुत्र कर्ण बेदी, भारत भूषण टांक, पुष्पा तायल, गौरव भारद्वाज समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।



नरवाना। कार्यक्रम में मंत्री बेदी को सम्मानित करते हुए।

### सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा उज्ज्वल भविष्य का असली दर्पण : कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी

नरवाना। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि ग्रामीण आंचल में शिक्षा की लो जगाना पुण्य का कार्य है। इससे ग्रामीण परिवेश के बच्चों को जहां अच्छी शिक्षा हासिल होती है। वहीं उनमें संस्कार और सद्विचारों का समावेश होता है। गुणवत्ता युक्त और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा ही भावी पीढ़ी के समृद्ध जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य का असली दर्पण है। सरकारी शिक्षण संस्थाओं के साथ-साथ प्रदेश में निजी शिक्षण संस्थान भी ग्रामीण छोर तक शिक्षा प्रसार की चुनौती को बराबर स्वीकार कर रहे है और इसमें वे सफलता भी प्राप्त कर रहे है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को विधानसभा क्षेत्र के गांव धरोदी स्थित भारत सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे परीक्षा को बोझ न मानकर इसे जीवन की तरक्की का एक मौका समझें। आत्मविश्वास कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास से जीवन का हर लक्ष्य पाना संभव है। विद्यार्थी परीक्षा को वार्षिक जश्न मानकर इसकी तैयारी करें। कैबिनेट मंत्री ने अपने ऐच्छिक कोष से विद्यालय को 5 लाख 51 हजार रुपये तथा हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मौजूद चार कलाकारों को 11-11 हजार रुपये देने की घोषणा की।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

■ बाइक रिपेयरिंग का काम सीख रहा था मृतक किशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव खरकां में शनिवार रात के समय अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। हादसे के समय वह बाइक पर सवार होकर काम से अपने घर लौट रहा था। इस घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मामले में गुहला थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में मृतक के पिता गांव खरकां निवासी हरपाल सिंह ने बताया कि उनका 17 साल बेटा कर्ण बाइक रिपेयरिंग का काम सीख रहा था। रोज की तरह वह सुबह चीका में काम पर गया था और रात को काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव खरकां के मुख्य मार्ग पर पहुंचा। तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। कर्ण के परिवार में माता-पिता और एक छोटा भाई है। बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

गुहला थाना के जांच अधिकारी नायब सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक चोरी में दो पकड़े, चार बाइक बरामद



कैथल। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई लखविंद्र सिंह की टीम द्वारा आरोपी चीका निवासी प्रकाश तथा अजय को ड्रैन पुल चीका रोड़ कैथल से काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बेगमपुर निवासी मनप्रीत की शिकायत अनुसार 10 फरवरी को नगर परिषद कैथल के पास से उसकी बाइक अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गए। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज कर लिया गया। व्यापक पूछताछ दौरान आरोपियों के कब्जे से उक्त चोरीशुदा बाइक बरामद करने के अतिरिक्त 3 अन्य चोरीशुदा बाइक बरामद की गई। जो यह 2 बाइक आरोपियों ने पेहवा व एक पटियाला से चोरी करनी कबुल की है। इसके अतिरिक्त आरोपियों ने चीका से एक अन्य बाइक चोरी करने की वारदात कबूल की, जो उक्त बाइक चीका पुलिस द्वारा पहले ही लावारिश हालात में बरामद की जा चुकी है।

# फायरिंग कर युवक को घायल करने का तीसरा आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

19 फरवरी रात जखोली अड्डा स्थित शराब ठेके के सामने हुई फायरिंग की घटना में चौकी अनाज मंडी पुलिस द्वारा तीसरे आरोपी को काबू कर लिया गया। आरोपी षड्यंत्र में शामिल था, जिसके द्वारा पीड़ित की रैकी की गई थी। एसपी उपासना ने जानकारी देते हुए बताया की अमित निवासी बलराज नगर कैथल की शिकायत अनुसार 19 फरवरी की रात करीब 9:30 बजे वह राहुल निवासी जनकपुरी कॉलोनी कैथल की कार में उसके साथ शराब ठेके जखोली अड्डा पर गया था। राहुल कैश लेने के लिए ठेके के अंदर चला गया, जबकि अमित गाड़ी की कंडक्टर सीट पर बैठा रहा। इसी दौरान मटौर निवासी संदीप वहां आया और हाथ में पकड़े देशी कट्टे से अमित पर फायर कर दिया।



### हाइड्रोजन ट्रेन का नहीं हो पाया रनिंग ट्रायल

**जींद।** हाइड्रोजन ट्रेन का रविवार को रनिंग ट्रायल नहीं हो पाई। ट्रेन के इंजन में फ्यूल नहीं भर पाया। इस कारण जिन लोको पायलेट की ड्यूटी ट्रेन को लेकर लगाई गई थी, वह भी विदड्रा कर ली गई। हालांकि रविवार को रनिंग ट्रायल की संभावना थी। जो नहीं हो पाई। ऐसे में अभी रनिंग ट्रालय को थोड़ा और समय लग सकता है। पहले रविवार को दोपहर बाद ट्रायल होने की संभावना थी। शनिवार रात को ही ट्रेन के इंजन में फ्यूल भरना शुरू कर दिया गया था लेकिन रविवार को इंजन में फ्यूल नहीं भर पाया। हालांकि रनिंग ट्रायल को लेकर प्लांट व मेधा कंपनी के कर्मचारियों ने पूरी तैयारी कर रखी थी।

# आय सीमा निर्धारित होने से बुजुर्गों को नहीं मिलेगी पेंशन : कृष्ण चंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की स्थानीय कार्यालय में बुढ़ापा पेंशन से जुड़ी शर्तों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा ने की तथा संचालन जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने किया। जारी बयान में जिला सचिव कृष्ण चंद ने कहा कि सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र के आधार पर तीन लाख रुपये वार्षिक आय सीमा निर्धारित कर दी गई है, जिसके कारण बड़ी संख्या में बुजुर्ग नागरिक बुढ़ापा पेंशन से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि बुढ़ापा पेंशन को सम्मान भत्ता मानते हुए इस पर किसी भी प्रकार की आय संबंधी शर्त लागू नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडियों में रबी व खरीफ फसलों की बिक्री से किसानों के खातों में आने वाली राशि को भी पारिवारिक आय में जोड़ा जा रहा है, जबकि खेती पहले ही घाटे का सौदा बनती जा रही है। लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है, ऐसे में इसे आय में जोड़ना किसानों के साथ अन्याय है। जिलाध्यक्ष राजकुमार सारसा ने कहा कि समाज के निर्माण में जीवनभर योगदान देने वाले किसान और मजदूरों को बुढ़ापे में सामाजिक सुरक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सांसदों और विधायकों को अनेक सुविधाएं और पेंशन मिलती हैं, जबकि बुजुर्गों को मिलने वाली तीन हजार रुपये मासिक पेंशन पर भी शर्तें लगाई जा रही हैं। संगठन ने सरकार से मांग की कि बुढ़ापा पेंशन पर सभी शर्तें हटाई जाएं, पेंशन राशि बढ़ाकर 5100 रुपये मासिक की जाए, बकाया भुगतान शीघ्र किया जाए तथा निजी बसों में बुजुर्गों और विद्यार्थियों को पूर्व सुविधाएं पुनः प्रदान की जाएं। बैठक में राज्य कमेटी सदस्य बाबू राम, जिला कमेटी सदस्य दर्शन सिंह, संजू, सुभाषचंद्र, नरेश कुमार, राम सिंह, कृष्ण चंद और विनोद शाक्य सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




ढांड। पेंशन काटे जाने के विरोध में किसान खेत मजदूर संगठन के पदाधिकारी रोष जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

### हार्डवेयर स्टोर में आग लगने से लाखों का सामान जला



उचाना। आग लगने से कसान की जानकारी देते हुए संदीप जांगड़ा।

**उचाना।** उचाना शहर के 40 फुटा रोड पर हार्डवेयर सेनेटरी स्टोर में शनिवार देर रात आग लग गई। इस घटना में दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। सुबह एक राहगीर ने स्टोर से धुंआ निकलता देखा तो इसकी सूचना दुकानदार को दी। दुकानदार सुमित ने बताया कि उसकी जय हनुमान के 40 फुटा रोड पर हार्डवेयर सेनेटरी स्टोर है। उसने बताया कि रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे उन्हें किसी राहगीर का फोन आया, जिसने दुकान से धुआं निकलने की सूचना दी। सूचना मिलने पर वह तुरंत मौके पर पहुंचा। उसने स्टोर का शटर उठाकर देखा तो अंदर भीषण आग लगी हुई थी। इस आग में दुकान में रखा अधिकांश सामान जल चुका था। दुकानदार के भतीजे संदीप जांगड़ा के अनुसार, आग से करीब 30 से 35 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

## मैदान में मेहनत और अनुशासन से मिलती है सफलता : कैबिनेट मंत्री


# कबड्डी में खिलाड़ियों ने किया प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जुलाना हलके के गांव रामकली मे रविवार को शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल खेल समिति, अंबेडकर खेल समिति, रामकली आजाद क्लब, समस्त ग्रामवासी एवं ग्रामपंचायत द्वारा आयोजित सर्कल कबड्डी महाकुंभ 2026 में हरियाणा, पंजाब के खिलाडिय़ों के बीच सर्कल कबड्डी का शो मैच, महिला वर्ग की चार ऑल ओपन टीमों के मैच और पंचायती मैच में 16 टीमों का मैच आयोजित किया गया। जिनमें फरमाणा महम, अलेवा, अहर, मोरखी, लाखु बुवाना, नगूरां आदि की टीमें शामिल रही। इस दौरान कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पवार ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की और उनके साथ जुलाना विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी भी रहे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पवार ने खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हरियाणा प्रदेश में भी कबड्डी को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। खेल खेलने वाले हमारे बच्चे ही भविष्य के सितारे हैं। आज खेल ने कई खिलाडिय़ों को करोड़पति बनाया है। केवल बातें करने से नही बल्कि मैदान में मेहनत और अनुशासन से सफलता मिलती है। इसलिए सभी अपने बच्चों को खेल के लिए प्रेरित करें। आज हरियाणा में छोटी से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सर्कल स्टाइल कबड्डी को नई पहचान मिली है।



जींद। प्रतियोगिता में दमखम दिखाते हुए खिलाड़ी।



जींद। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार कार्यकर्ताओं से मिलते हुए।

## खबर संक्षेप



### हवन कर की लोक कल्याण की कमाना

**उचाना।** ब्राह्मण धर्मशाला उचाना के प्रांगण में आयोजित हवन एवं सत्संग कार्यक्रम में पहुंचे समाजसेवी एवं पूर्व मार्के कमेटी चेयरमैन रामनिवास बुडायन ने हवन की महिमा का बख्यान किया। आज टूटेते परिवारों में एक साथ बैठने का माध्यम हवन माना गया है। जैसे पुराने समय में बैठकों में छोटे-बड़े एक साथ बैठते थे ऐसे ही हवन की बेदी पर बैठकर पूरा परिवार सात्विक विचारों को ग्रहण करके अपनी सहनशक्ति का विकास कर रहा होता है। मुख्य जोड़ के रूप में सुनील और उनकी धर्मपत्नी सोनिया ने पूर्ण आहुति डाली।

### विनोद जाखड़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से उत्साह

**जींद।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में विनोद जाखड़ की नियुक्ति से देशभर के छात्रों में नया उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है। यह निर्णय संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा और छात्र हितों की लड़ाई को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। सीआरएसयू जींद के अध्यक्ष जयदीप सिंधु ने कहा कि विनोद जाखड़ का नेतृत्व संघर्ष, समर्पण और छात्र राजनीति के मूल्यों पर आधारित है। उनके अनुभव और सक्रियता से एनएसयूआई राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, रोजगार, छात्रवृत्ति, परीक्षा प्रणाली और विश्वविद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं जैसे मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएगी।

### एमडीडी ऑफ इंडिया की मुहिम को मिला समर्थन

**जींद।** गैर सरकारी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्ति रथ अभियान को एक दर्जन से अधिक प्रमुख खापों एवं अनेको सरपंचों ने अपना समर्थन देते हुए स्वागत किया है। यह रथ अभी तक जिले के सभी शहरों सहित जिले के 200 से अधिक गांवों में पहुंच कर जागरूकता अभियान चला चुका है। जिला समन्वयक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस अभियान में खापों एवं सरपंचों के साथ समन्वय बनाने के विशेष निर्देश दिए थे। जींद को खाप लैंड के रूप में जाना जाता है और ग्रामीण क्षेत्रो में इनका काफी प्रभाव है। बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता अभियान को सफल एवं प्रभावी बनाने के लिए खापों एवं ग्राम पंचायतों का सक्रिय समर्थन आवश्यक है।

### श्री गीता भवन मंदिर का वार्षिकोत्सव 26 को

**नरवाना।** नरवाना के पंजाबी चौक स्थित श्री गीता भवन मंदिर का वार्षिकोत्सव व भंडारा समारोह का आयोजन आगामी 26 फरवरी से एक मार्च तक मनाया जाएगा। यह जानकारी संतलाल सेतिया देते हुए बताया कि समारोह में आगामी 28 फरवरी को मुख्यातिथि के तौर पर हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी मौजुद रहेगें जबकि कार्यक्रम में कथा के साथ-साथ होली के रंग बिहारी के संग होली महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जबकि समापन पर आगामी एक मार्च को मुख्यातिथि के तौर पर हरियाणा सरकार विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण मिढ़ा होंगे।

### सफाई कामगार संघर्ष समिति का प्रदर्शन 27 को

**जींद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू की जिला कमेटी की बैठक आज राजेंद्र टांक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में हरियाणा सरकार की सफाई कर्मचारियों एवं सीवर कर्मियों के प्रति लगातार बेरुखी और उदासीनता पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। यूनियन के जिला सचिव पवन कुमार ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की विभिन्न घोषणाएं विशेषकर 24 नवंबर 2024 को जींद में की गई 26-27 हजार रुपये मासिक वेतन की घोषणाए अब तक खोखली साबित हो रही हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 फरवरी को ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा के बैनर तले जिला स्तर पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।

## नागरिक अस्पताल में खराब पड़े जनरेटर सैट की होगी मरम्मत

# डे केयर कैंसर सेंटर में मरीजों का होगा प्राथमिक उपचार

**सीएमओ बोले बायोमेडिकल वेस्ट के सही निस्तारण को लिए खरीदा जाएगा सामान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए सीएमओ डा. सुमन कोहली के नेतृत्व में एसकेएस (स्वास्थ्य कल्याण समिति) की बैठक हुई। बैठक में अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए मंथन हुआ। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बायोमेडिकल वेस्ट के सही निस्तारण, डे केयर कैंसर सेंटर के लिए सामान खरीदने, अस्पताल में खराब पड़े जनरेट सैट की मरम्मत करवाने के निर्णय लिए गए। इसके अलावा क्वालिटी के लिए भी सामान खरीदने की अनुमति दी गई। बैठक में बायोमेडिकल वेस्ट के लिए पोलीबैग, डे केयर कैंसर सेंटर के लिए सामान जैसे फर्नीचर, दवाइयों तथा अन्य उपकरण खरीदने पर सहमति हुई। डे केयर कैंसर सेंटर का अभी उद्घाटन हुआ है। ऐसे में यहां मरीजों के उपचार के लिए काफी महंगी दवाई उपलब्ध करवानी हैं ताकि मरीजों को इसका लाभ मिल सके। डे केयर कैंसर सेंटर में मरीजों का प्राथमिक उपचार किया जा सकेगा। इसके अलावा जिन मरीजों को कीमोथेरेपी दी जाएगी। उसके बाद यहां उपचार किया जा सकेगा। इसके अलावा लैब के लिए प्रिंटिग स्टेशनरी, पीले ओपीडी कार्ड छपवाने, ई उपचार योजना के तहत सामान खरीदने, नागरिक अस्पताल में खराब पड़े जनरेटर सैट की मरम्मत करवाने का निर्णय लिया गया। वहीं अस्पताल में क्वालिटी कंट्रोल के लिए बायोमेडिकल वेस्ट के ट्रांसपोर्ट के लिए ट्राली खरीदने, उपकरणों की वार्षिक मरम्मत करवाने व एक्सरे विभाग में एसी लगवाने के निर्णय लिए गए।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ डा. सुमन कोहली। फोटो : हरिभूमि

**जनरेटर सैट खराब होने से आ रही परेशानी**

नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के पास दो जनरेटर सैट हैं। यहां कई बार इनके खराब होने के कारण परेशानी आ चुकी है। अस्पताल की बिजली लाइन वैसे तो हाट लाइन से जुड़ी हुई है लेकिन कई बार अचानक बिजली गुल होने या किसी फाल्ट के कारण यदि लंबे समय तक बिजली रहे तो जनरेटर सैट सही नहीं होने के कारण अस्पताल में अंधेरा छा जाता है। अब जनरेटर सैट की मरम्मत होने के बाद ऐसी कोई भी परेशानी नहीं आएगी।

**स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए खरीदा जाएगा सामान : सीएमओ**

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि स्वास्थ्य कल्याण समिति की बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए मंथन हुआ है। अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए जिस सामान की जरूरत थी, उसकी सूची तैयार कर जल्द खरीदा जाएगा। इस सामान के आने से स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी।

## संसद का वह ऐतिहासिक संकल्प जो आज भी पीओजेके की मुक्ति का है आधार : डा. विजय कुमार



जींद। सोशल आउटरीच सेल के निर्देशक डा. विजय कुमार को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

संकल्प दिवस 22 फरवरी के अवसर पर एनएसएस एवं सोशल आउटरीच सैल, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद और जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में एक लेक्चर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डा. नवीन लड़वाल ने की एवं सोशल आउटरीच सेल के निर्देशक डा. विजय कुमार मुख्य वक्ता के तौर पर रहे। डा. विजय कुमार ने भारत के इतिहास में 22 फरवरी जिसको संकल्प दिवस के तौर में मनाया जा रहा है उसका महत्व बताया। हमारे देश का एक बहुत बड़ा भूभाग पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है। जिसे हम पीओजेके, पीओटीएल के नाम से जानते हैं और पाकिस्तान जिसे यानि आजाद कश्मीर के नाम से बुलाता है।

**बताया महत्व**

पाकिस्तान के कब्जे वाले हमारे क्षेत्र को लेकर 22 फरवरी 1994 को तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार के दौरान देश की संसद में एक प्रस्ताव पारित किया गया था। इस प्रस्ताव में यह दोहराया गया था कि पीओजेके जम्मू कश्मीर और भारत का अभिन्न अंग थाए है और सदैव रहेगा। पाकिस्तान ने 1947-48 के बाद से ही भारत के इस बड़े भूभाग पर जबरन कब्जा कर रखा है। लिहाजा इस प्रस्ताव के जरिये यह संकल्प लिया गया था कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे में लद्दाख और जम्मू कश्मीर की जो हमारी भूमि है उसे हम हर हाल में वापस लेंगे और पाकिस्तान को हमारी इस भूमि को खाली करना होगा। हालांकि 22 फरवरी यानि आज भी संसद में लिया गया वो संकल्प अधूरा है। आज संकल्प दिवस के अवसर पर हम ना सिर्फ पीओजेकेए पीओटीएल की बात करेंगे बल्कि चीन के अवैध कब्जे में जो हमारी भूमि है उस पर भी चर्चा करेंगे।

## आर्ट सोसाइटी ने दो मूर्तिकारों को राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कला एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी ने संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। संस्था के उपाध्यक्ष आकाश गौड द्वारा हरप्रीत सिंह दिल्ली तथा हरपाल सिंह गुजरात संस्था का राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया है। दोनों ही ख्यातिप्राप्त मूर्तिकला कलाकार हैं और कला जगत में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। हरप्रीत सिंह ने अनेक राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की कला प्रतियोगिताओं, प्रदर्शनियों एवं कार्यशालाओं में सक्रिय भागीदारी की है। उनकी रचनात्मक प्रतिभा और समर्पण ने उन्हें कला क्षेत्र में एक सम्मानित स्थान दिलाया है।

**ये रहे मौजूद**

वहीं हरपाल सिंह भी एक अनुभवी एवं सम्मानित मूर्तिकार हैं। जिन्हें विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों पर अनेक पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। उनकी कलाकृतियां सामाजिक विषयों एवं यथार्थवादी अभिव्यक्ति के लिए विशेष रूप से सराही जाती हैं। उपाध्यक्ष आकाश गौड ने कहा कि इन दोनों अनुभवी कलाकारों के जुडने से संस्था को राष्ट्रीय स्तर पर मार्गदर्शन, रचनात्मक दिशा और संगठनात्मक मजबूती प्राप्त होगी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष दीपक कौशिक ने कहा कि सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी कला के माध्यम से यथार्थवाद को बढ़ावा देने, सामाजिक जागरूकता फैलाने तथा युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें विश्वास है कि नए राष्ट्रीय सलाहकारों के अनुभव और मार्गदर्शन से संस्था अपने उद्देश्यों को और व्यापक स्तर पर साकार करेगी।

## सीआरएसयू वीसी हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद हरियाणा सरकार के सदस्य मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. डा. राम पाल सैनी को हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल का सदस्य मनोनीत किया गया है। यह परिषद हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल एक्ट 2018 के अंतर्गत गठित एक महत्वपूर्ण वैधानिक निकाय है। जिसका उद्देश्य राज्य में उच्च शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ बनाना, नीतिगत निर्णयों का निर्माण करना तथा विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित करना है। परिषद राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह उच्च शिक्षा मिशन के तहत विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को सुव्यवस्थित और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान करने, अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य करती है। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों की स्वायत्तता की रक्षा और शैक्षणिक मानकों की निरंतर समीक्षा भी परिषद के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है।

**यह हैं उपलब्धियां**



प्रो. सैनी राजनीति विज्ञान के प्रख्यात विद्वानए कुशल प्रशासक एवं दूरदर्शी शिक्षाविद् हैं। एमए, एमफिल, पीएचडी तथा डीलि राजनीति विज्ञान की उपाधियाँ अर्जित की हैं। लगभग 30 से अधिक वर्षों के समृद्ध शिक्षण एवं प्रशासनिक अनुभव के दौरान प्रो. सैनी ने शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सात महत्वपूर्ण पुस्तकों का लेखन किया है( जो राजनीति विज्ञान एवं समसामयिक विषयों पर आधारित हैं। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में आपके 45 शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उनके दूरदर्शी एवं कुशल नेतृत्व में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद शिक्षा, शोध और नवाचार में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है। शिक्षा एवं प्रशासनिक क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव को देखते हुए हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषदए हरियाणा सरकार का सदस्य मनोनीत किया गया है।


## सीआरएसयू के छात्रों ने किया भ्रमण

- अत्याधुनिक दूरबीनों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में भौतिकी एवं वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा 19 से 23 फरवरी तक नैनीताल उत्तराखंड का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया जा रहा है।

इस शिक्षा यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान एवं वैज्ञानिक अनुसंधान से अवगत कराना रहा। संस्थान के वैज्ञानिकों ने छात्रों को खगोल विज्ञान, सौर अध्ययन, अंतरिक्ष अनुसंधान तथा अत्याधुनिक दूरबीनों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



जींद। शैक्षणिक भ्रमण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**अंतरिक्षीय पिंडों के अध्ययन की प्रक्रिया को समझा**

विद्यार्थियों ने वेधशाला परिसर का अवलोकन किया और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से अंतरिक्षीय पिंडों के अध्ययन की प्रक्रिया को समझा। इस अवसर पर छात्रों ने शोध प्रयोगशालाओं का निरीक्षण कर वैज्ञानिक उपकरणों एवं डेटा विश्लेषण की विधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विशेषज्ञों के साथ संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न पूछे और करियर संबंधी मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार की शैक्षणिक यात्राएं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## जुलाना में कुम्हार समाज का भव्य सम्मेलन



जुलाना। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा को पगड़ी पहनाते समाज के गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की लेबरे शेड में कुम्हार समाज द्वारा एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने शिरकत की। उनके साथ मंच पर श्री श्री 1008 राघवेंद्र भारती, संजीव गंगवा डबवाली विधानसभा प्रभारी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामसुंदर प्रजापति, भाजपा प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी, नपा चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा तथा मार्केट कमेटी के चेयरमैन मीनू शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच संचालन रविंद्र बेरीवाल ने किया। कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र सिंह प्रजापति ने समाज की ओर से कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि कुम्हार समाज को मिट्टी के लिए स्थायी रूप से जमीन उपलब्ध करवाई जाए ताकि उनके पारंपरिक व्यवसाय को बढ़ावा मिल सके। जिन लोगों को स्वामित्व के प्रमाण पत्र दिए गए हैं, उन्हें पूर्ण मालिकाना हक दिलाया जाए।

## न्यूज डायरी

### रवीना ने स्वर्ण और योगिता ने जीता रजत पदक

**जींद।** रवीना जींद ने हाफ मैराथन रेस वाक इवेंट में स्वर्ण पदक जीता तो योगिता पांच किलोमीटर रेस वाक इवेंट में रजत पदक विजेता बनी। नेशनल ओपन रेस वाकिंग चैंपियनशिप में हरियाणा ने एक स्वर्ण पदक और दो रजत एवं एक कांस्य पदक सहित कुल चार पदक जीते हैं। 13वीं इंडियन ओपन रेस वाकिंग चैंपियनशिप चंडीगढ़ में हरियाणा के 36 रेस वाक एथलीट खिलाड़ियों ने भाग लिया। दिलबाग सिंह ने बताया कि 13वीं इंडियन ओपन रेस वाकिंग चैंपियनशिप का आयोजन 21 फरवरी से 22 फरवरी तक सुखना लेक चंडीगढ़ में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजन चंडीगढ़ एथलेटिक्स के द्वारा संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सत्यवीर धनखड फरीदाबाद मीडिया प्रभारी खेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 13वीं इंडियन ओपन रेस वाक चैंपियनशिप में हरियाणा राज्य से रवीना जींद ने हॉफ मैराथन रेस वाक इवेंट में एक घंटा 39 मिनट और 15 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीत कर एथलेटिक्स हरियाणा को दिया और हरियाणा राज्य का गौरव राष्ट्रीय पटल पर बढ़ाया। इस इवेंट में दूसरा स्थान मुनीता प्रजापति उत्तर प्रदेश ने एक घंटा 39 मिनट और 26 सेकेंड के साथ पाया और तीसरे स्थान पर मानशी नेगी उत्तराखंड ने एक घंटा 42 मिनट और 58 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

### कांग्रेस मनरेगा बचाओ आंदोलन को करेगी तेज : हैबतपुर



रिषिपाल हैबतपुर।

**जींद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देश पर मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत प्रस्तावित विधानसभा घेराव को सफल बनाने के लिए 23 फरवरी को जींद स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। रविवार को यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रिषिपाल हैबतपुर ने बताया कि बैठक सोमवार सुबह 11 बजे कांग्रेस कार्यालय में आयोजित होगी। जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, वर्तमान व पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, पूर्व ब्लॉक प्रधान, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, सेवानिवृत्त कर्मचारी कांग्रेस विधिक प्रकोष्ठ सहित तथा किसान मोर्चा सहित सभी समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया है। रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना ग्रामीण गरीबों के लिए जीवन रेखा है लेकिन वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण मजदूरों को समय पर काम और मजदूरी नहीं मिल पा रही है। बैठक में विधानसभा घेराव की रणनीति तय की जाएगी और पूरे जिले से अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने की रूपरेखा बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर सडक से सदन तक संघर्ष करती रही है और आगे भी गरीब, किसान, मजदूर तथा ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन तेज किया जाएगा।

### लाडवा में कृषि विकास मेला 28 फरवरी से

**जींद।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 28 फरवरी से एक मार्च तक दो दिवसीय कृषि विकास मेला अनाज मंडी लाडवा (कुरुक्षेत्र) में लगाया जाएगा। इस मेले का मुख्य विषय जल संरक्षण-प्रति बूंद से अधिक फसल रखा गया है। जिसका उद्देश्य किसानों को जल प्रबंधन की उन्नत तकनीक से अवगत कराना तथा कम पानी में अधिक उत्पादन की दिशा में प्रेरित करना है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि कृषि विकास मेले के दौरान कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिसमें आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत किस्म के बीजों तथा नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों के लिए मिट्टी एवं पानी के नमूनों की सामान्य शुल्क पर जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त रोग ग्रस्त फसलों की जांच एवं निदान, फसल प्रतियोगिता, गृह विज्ञान संबंधी जानकारी तथा कृषि विशेषज्ञों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन भी किया जाएगा। कुलपति ने बताया कि कृषि विकास मेले में खरीफ फसलों एवं सब्जियों के उन्नत किस्म के बीजों की जानकारी एवं बिक्री, विश्वविद्यालय के प्रकाशनों की बिक्री तथा हरियाणवी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेंगे। उन्होंने प्रदेश के सभी किसानों, कृषि अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों से अपील करते हुए कहा कि वे दो दिवसीय इस मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर वैज्ञानिक तकनीक का लाभ उठाएं और अपनी आय में वृद्धि करें।

### एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने बहाया पसीना




**जींद।** राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक किया गया। शिविर की शुरुआत एनएसएस गीत के सामूहिक गायन से की गई। जिससे स्वयंसेवकों में सेवा, समर्पण एवं राष्ट्रभाव की भावना का संचार हुआ। इसके उपरांत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान किया गया तथा महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाए रखने के उद्देश्य से प्लास्टिक मुक्त एवं पॉलीथीन मुक्त परिसर अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने परिसर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाते हुए प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान की। शिविर के दौरान महाविद्यालय के तीन एनएसएस स्वयंसेवक जो 17 से 20 फरवरी तक राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान क्षेत्रीय केंद्र चंडीगढ़ में आयोजित नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास विषयक चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेकर लौटे थे, उन्होंने अपने प्रशिक्षण अनुभव अन्य स्वयंसेवकों के साथ सांझा किए। उन्होंने नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना तथा सामुदायिक विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रस्तुत कींए जिससे स्वयंसेवकों को प्रेरणा मिली। इसके पश्चात स्वयंसेवकों को एनएसएस कार्य डायरी के महत्व एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही स्वयंसेवकों को महाविद्यालय में आयोजित होने वाली आगामी एथलेटिक मीट में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया गयाए ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

## जिला बार एसोसिएशन चुनाव का पूर्ण रूप से करती है बहिष्कार

# जिला बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया गैर संवैधानिक

**चुनाव प्रक्रिया में आठ सदस्यों की असंवैधानिक चुनाव समिति बनाई गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला बार एसोसिएशन के कार्यकारी प्रधान विकास लोहान ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन का 27 फरवरी को होने वाला चुनाव गैर संवैधानिक है। जिला बार एसोसिएशन इसका पूर्ण रूप से बहिष्कार करती है। जिला बार एसोसिएशन के कार्यकारी प्रधान विकास लोहान रविवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिसंबर महीने में जिला बार एसोसिएशन के कुछ सदस्यों के अनुरोध पर आगामी चुनाव करवाने के लिए एक पांच सदस्य कमेटी गठित की थी। यह कमेटी जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी द्वारा गठित की गई थी, जो कमेटी नियमीत रूप से अपनी कार्रवाई जारी रखे हुए थी।




जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला बार एसोसिएशन के कार्यकारी प्रधान विकास लोहान। फोटो : हरिभूमि

**चुनाव 18 मार्च को संपन्न होंगे चुनाव**

इस समय पूरे पंजाब एवं हरियाणा में पंजाब एवं हरियाणा बार कौंसिल के चुनाव की प्रक्रिया जारी है, जोकि यह चुनाव 18 मार्च को समपन्न होने हैं। जिला बार एसोसिएशन जींद के चुनाव बारे बार कार्यकारी प्रधान विकास लोहान ने पंजाब एंड हरियाणा बार कौंसिल को अपना अनुरोध पत्र भेज दिया था लेकिन पंजाब एंड हरियाणा बार कौंसिल ने चुनाव होने के कारण जिला बार एसोसिएशन जींद के चुनावों को आठ दिसंबर को बार कौंसिल आफ इंडिया ने इस पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी थी। यह लिखित आदेश जिला बार एसोसिएशन के कार्यकारी प्रधान व चुनाव समिति के सदस्यों द्वारा एसोसिएशन के सभी सदस्यों को इस बारे में जानकारी दे दी थी। अब 19 फरवरी को बार के पूर्व बार पूर्व उप प्रधान विशाल खटकड़ ने बार के कुछ सदस्यों की गैर संवैधानिक मीटिंग बुला कर डीबी, जींद का गैर संवैधानिक चुनाव घोषित कर दिया है। इस चुनाव प्रक्रिया में आठ सदस्यों की असंवैधानिक चुनाव समिति बनाई गई है। इस फर्जी चुनाव समिति द्वारा केवल सात दिन में चुनाव संपन्न करवाने की प्रक्रिया जारी की है। जबकि नियमानुसार इस प्रक्रिया को 45 दिन में पूरा किया जाना था। इस चुनाव की कोई वोटर लिस्ट आरओ द्वारा जारी नही की गई और ना ही वोटर लिस्ट पर किसी बार सदस्य की आपत्ति बारे कोई प्रक्रिया जारी की गई है।

## खबर संक्षेप



### मेहंदीपुर बालाजी के लिए निःशुल्क बस यात्रा रवाना

**कैथल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति कैथल द्वारा श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम व श्री वृंदावन धाम के दर्शनों हेतु दो दिवसीय निशुल्क बस यात्रा को रवाना किया गया। संस्था के प्रधान ईश्वर खनोरी ने झंडी दिखाकर व सचिव प्रवीण गर्ग ने नारियल फोड़ कर यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन प्रीति पाल बंसल ने बताया की यात्रा के दौरान यात्री श्री बालाजी महाराज व बांके बिहारी के भजनों पर झूमते हुए यात्रा का आनंद लेते हैं।

### एक को कैथल में जुटेंगे देश के प्रमुख ज्योतिषी

**कैथल।** महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय और पराशर ज्योतिष केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 01 मार्च 2026 को कैथल के आर. के. एस. डी. कॉलेज के मुख्य सभागार में एक भव्य 'राष्ट्रीय ज्योतिष एवं वास्तु महासम्मेलन' आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं और यह आयोजन ज्योतिष शास्त्र के क्षेत्र में एक बड़ा अकादमिक अनुष्ठान सिद्ध होगा। महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. राजेन्द्रकुमार अनायत ने इस महासम्मेलन के लिए आयोजकों को अपनी अग्रिम शुभकामनाएँ दी।

### महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही सरकार

**कैथल।** हरियाणा सरकार महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है, जिसके माध्यम से वे स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सशक्त बन सकती हैं। डीसी अपराजिता ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से चलाई जा रही इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को बैंकों के जरिए 5 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है।

### बूथ 113 पर ग्रामीणों से सुना 'मन की बात' कार्यक्रम का 131वां एपिसोड

# प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधन में कृषि उत्पादकता गुणवत्ता व क्वालिटी पर दिया विशेष बलः बेदी



नरवाना। मन की बात कार्यक्रम सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

- भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना विधानसभा क्षेत्र के गांव नैहरा में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 131वें एपिसोड का भव्य प्रसारण हुआ। बूथ नंबर 113 पर आयोजित यह कार्यक्रम नैहरा निवासी मास्टर अमरजीत सिंह के निवास पर प्रसारित हुआ। इस कार्यक्रम में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उनके साथ जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम सुनने के उपरांत कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री का स्पष्ट विजन वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देना और स्वदेशी अपनाना है ताकि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना साकार हो सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उसमें प्रत्येक नागरिक की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रधानमंत्री का जनसाधारण से सीधा संवाद है। जो समाज के हर वर्ग को प्रेरित करता है। कार्यक्रम के माध्यम से जनहित के मुद्दोंए सामाजिक मूल्यों और राष्ट्रीय दायित्वों पर प्रकाश डाला जाता है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में देश में किसानों द्वारा कृषि उत्पादकता गुणवत्ता और क्वालिटी पर विशेष बल दिया। इससे किसान समृद्ध होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## सांस्कृतिक विरासत और आत्मनिर्भर भारत की झलक है 'मन की बात' कार्यक्रम : सुभाष हजवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सांस्कृतिक विरासत, आत्मनिर्भर व सक्षम भारत की सशक्त झलक बताते हुए भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मार्केट कमेटी चेयरमैन पूंडरी सुभाष हजवाना ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरी तरह सामाजिक और गैर-राजनीतिक है, जो देशवासियों को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करता है। वे गांव बरसाना स्थित प्रजापत चौपाल में बूथ नंबर 138 पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान रेडियो पर 'मन की बात' का लाइव प्रसारण सुनने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

सुभाष हजवाना ने कहा कि हर महीने के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को देश के करोड़ों लोग टीवी, रेडियो, मोबाइल सहित विभिन्न माध्यमों से सुनते और देखते हैं। यह कार्यक्रम निरंतर जनता के बीच लोकप्रिय होता जा रहा है। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, लोकतंत्र व राष्ट्रवाद, वोकल फॉर लोकल, स्टार्टअप व स्किल डेवलपमेंट, युवा व खेल, लघु एवं कुटीर उद्योग, स्वास्थ्य व योग, सामाजिक समरसता सहित जीवन के हर क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक संवाद करते हैं।



पूंडरी। गांव बरसाना में सुभाष हजवाना कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम में पहुंचे। फोटो : हरिभूमि

### डूमरखा कलां के बूथ नंबर-2 पर विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना पीएम के मन की बात कार्यक्रम



उचाना। डूमरखा कलां के बूथ नंबर-2 पर भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात का 131वां एपिसोड सामूहिक रूप से सुना। इस दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन को गंभीरता से सुना और कार्यक्रम में बताए गए विभिन्न सामाजिक विषयों एवं जनहितकारी प्रयासों पर चर्चा की। विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर से ही सुनिश्चित होती है और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से ही योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, सरपंच राहुल गोल्डी सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### कैथल-असंध मार्ग पर अतिक्रमण की भरमार, राहगीर हुए परेशान



**राजौंद।** नगर के पूंडरी चौक, कैथल-असंध मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण के चलते जाम लगना हर रोज की दिनचर्या बनकर रह गई है। हालांकि कि प्रशासन द्वारा पूर्व में किए गए प्रयासों के तहत जाम की जद्दोजहद से कस्बावासियों के साथ-2 यात्रियों को कुछ निजात मिली थी। परंतु पिछले कुछ दिनों से ओवर लोड वाहनों व सड़क पर बढ़ रहे अतिक्रमण उपर से टूटी हुई सड़क की वजह से वाहन चालकों व कस्बावासियों को फिर से जाम रूपी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे नरेश, कमल, राजकुमार, हवा सिंह विलायती राम ने बताया कि ओवर लोड ट्रैक व ट्रालियां ओर भी ज्यादा गंभीर कर देती हैं। कई बार यह जाम लंबी-लंबी लाइनों में तबदील होते देर नहीं लगाता। जाम में फंसने के बावजूद हर वाहन चालक व यात्री इंतजार के सिवाय कुछ नहीं कर सकता और ऐसे अवसरों पर दोष चाहे किसी का भी हो, परंतु हर कोई प्रशासन की बेरुखी करार देता दिखाई देता है। अंत में एक ही बात कहते हैं कि यदि प्रशासन व पुलिस मुस्तैदी से कार्य करे तो जाम लगने की नौबत नहीं आ सकती है।

## पोगल गिरि की समाधि पूर्ण, डेरा सोरी में भंडारा, जुटे हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



शहर की सुप्रसिद्ध सामाजिक व धार्मिक संस्था डेरा सोरी में बाबा पोगल गिरि जी महाराज की समाधि का निर्माण कार्य पूर्ण होने की खुशी में आज एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महंत राम पुरी जी महाराज ने किया। आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने परिवार सहित भाग लेकर आस्था और सामाजिक एकता का परिचय दिया।

भंडारे से पूर्व नगर खेड़े के पास निर्मित बाबा पोगल गिरि जी महाराज की समाधि पर विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान से हवन एवं यज्ञ किया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। डेरा सोरी के प्रति नगरवासियों की गहरी आस्था है। मान्यता है कि घर में किसी भी शुभ कार्य से पहले श्रद्धालु यहां माथा टेककर आशीर्वाद लेते हैं। विवाह जैसे मांगलिक अवसरों पर भी लोग विशेष श्रद्धा प्रकट करते हैं। विवाह में बनने वाली मिठाई जिस कक्ष में रखी जाती है, उसके बाहर डेरा सोरी से लाई गई भगवा रंग की चादर टांगी जाती है, ताकि कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हो सके। यह विशाल भंडारा पूरी तरह दानी सज्जनों के सहयोग से आयोजित किया गया।

### पशु अस्पताल गली में पानी की निकासी न होना बनी परेशानी



**राजौंद।** नगर के पशु अस्पताल को जाने वाली गली में पानी की निकासी न होने के कारण लोगों को बड़ी परेशानी आ रही है। आलम यह है कि सर्दी के मौसम में हर समय गली में पानी भरा रहने से घरों से निकलना भी मुश्किल होकर रह गया है। इस बारे राजेश ढुल ने बताया कि इसको लेकर कई बार प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं, लेकिन न तो नालियों की सफाई की जा रही है और न ही पानी की निकासी ही की जा रही है। घरों से निकलने वाला सारा पानी यही गली में भरा रहता है। जिससे उनका घर से निकलना भी मुश्किल होकर रह गया है। आलम यह है कि पानी से जब दुर्गंध आती है तो घर में बैठना भी मुश्किल हो जाता है दूसरा यहां से पानी ज्यादा होने पर गली से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। उसने प्रशासन से मांग की है कि पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाए व उन्हें इस समस्या से निजात दिलाई जाए।

## खबर संक्षेप



### अव्वल रहे विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गयोंग में विद्यालय के प्रथम छात्र चौधरी रामजीलाल नंबरदार की स्मृति मे परिवार के सदस्यों मुकेश नंबरदार व अन्य द्वारा वार्षिक प्रतिभा पुरस्कार का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला थे। कार्यक्रम में पहली से 12वीं कक्षा में प्रथम रहने वाले छात्र-छात्राओं और खिलाडियों को उनकी मेहनत और लगन से शानदार प्रदर्शन के लिए नकद पुरस्कार और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों को राम लाल तथा रामजी लाल नंबरदार के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा करने का आह्वान किया। मुकेश नंबरदार ने विद्याथर्यों को विद्यालय मे आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों मे भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि बेटियां हमारे देश की शान है, जो हर क्षेत्र मे हमारे देश का नाम रौशन कर रही है।



### बूथ 110 पर सुना 'मन की बात' का एपिसोड

**पूंडरी।** पुंडरी तीर्थ के पास स्थित बूथ नंबर 110 पर रविवार को विधायक सतपाल जांबा ने कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 131वां एपिसोड सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में छात्रों को आत्मविश्वास बनाए रखने और परीक्षा के दौरान परिणाम की चिंता छोड़कर प्रयास पर ध्यान केंद्रित करने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने डिजिटल धोखाधड़ी और तथाकथित "डिजिटल अरेस्ट" जैसे साइबर अपराधों से सतर्क रहने की अपील की। प्रधानमंत्री ने देश में एआई में युवाओं से नई तकनीकों को सीखने का आह्वान किया।



### खेल प्रतियोगिता में नन्हें मुन्नों ने दिखाया दमखम

**कैथल।** आकेएसडी पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स डे मनाया गया। इसमें नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, डंबल, पीटी, रेस तथा अन्य प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुई। सर्वप्रथम स्कूल प्रबंधक समिति के सदस्यों तथा प्रधानाचार्या के द्वारा आरकेएसडी पब्लिक स्कूल की ऊंची उड़ान दिखाते हुए आकाश में गुब्बारे छोड़े गए।इसके पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओ तथा रेस आदि में बच्चों तथा उनके अभिभावकों ने भाग लिया। रेस में परीक्षित, अंश, प्रियांशी , नीलाक्ष और प्रांशुल, वेदांश, अश्मित,अक्षत, विनायक ,केशव ,कौशल ,साक्षी, नवदीप आदि भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजय रहे।



### अग्रवाल धर्मशाला में हुआ निशुल्क चिकित्सा शिविर

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी एवं रावल हॉस्पिटल करनाल के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल धर्मशाला पूंडरी में एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में क्षेत्र के करीब 150 मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क उपचार एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी के चेयरमैन सुभाष हजवाना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। अध्यक्ष प्रवीण मित्तल ने बताया कि परिषद का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। निधि मोहन ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा ने शिविर के आयोजन में सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### नायब सैनी सरकार की 'रोजगार क्रांति' महज जुमलों तक सीमितः रणदीप सुरजेवाला



**कैथल।** हरियाणा में बेरोजगारी की मार अब चरम पर पहुंच गई है। जिला एवं सत्र न्यायालय, पानीपत में चपरासी के मात्र 8 अस्थायी पदों के लिए करीब 10,000 युवाओं ने आवेदन किया। इनमें एमबीए, बी.एड., सीईटी पास, स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्रीधारक युवा शामिल हैं, जबकि पद के लिए न्यूनतम योग्यता केवल 8वीं पास है। मासिक वेतन महज ₹16,900 होने के बावजूद यह भीड़ सरकार की नीतियों पर गहरा सवाल खड़ा करती है। किसान भवन पर जनता की समस्याएं सुनते हुए रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा भाषणों में उद्योग, निवेश और स्टार्टअप्स की बातें की जाती हैं, लेकिन स्थायी रोजगार नहीं, भविष्य की सुरक्षा नहीं, पारदर्शिता नहीं,सिर्फ जुमले, प्रचार और अखबारों में इश्तिहार। सुरजेवाला ने कहा कि जब डिग्रियां दीवार पर टंगी रहती हैं और भर्ती कैलेंडर फाइलों में अटका रहता है, तो युवा क्या करें? यह सिर्फ 8 पद नहीं, बल्कि शासन की असलियत है। यह सिर्फ भीड़ नहीं, बल्कि टूटते सपनों का जनसैलाब है। युवा बर्बाद हो रहे हैं और नायब सैनी सरकार बेनकाब हो चुकी है।

### रागनी प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां जोरों पर

**पूंडरी।** क्षेत्रीय सभा द्वारा पूंडरी की नई अनाज मंडी में 28 फरवरी और 1 मार्च को दो दिवसीय हरियाणवी रागनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम के संयोजक सुरेश सैनी व प्रधान अजमेर गोलन ने बताया कि 28 फरवरी तथा 1 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रागनी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में हरियाणा के प्रसिद्ध व नामी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जिससे दर्शकों को हरियाणवी लोक संस्कृति की समृद्ध झलक देखने को मिलेगी।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मासिक बैठक

- सेवानिवृत पेंशनर्स के हितों व देश की एकता व संप्रभुता से जुड़े विषयों पर हुई गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन




सेवानिवृत कर्मचारियों की मासिक बैठक का आयोजन स्थानीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता नंदलाल रहेजा ने की। बैठक का मंच संचालन बाबूराम गुप्ता ने किया। बैठक में पेंशनरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में लक्ष्मण कामरा ने बताया कि कुरुक्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय सेमिनार में देशभर के सेवानिवृत्त पेंशनरों के हितों, देश की एकता एवं संप्रभुता तथा राष्ट्रीय एकता से जुड़े विषयों पर गंभीर मंथन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 23 फरवरी को समाप्त होने वाले महासम्मेलन में रिटायर कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को जोरदार तरीके से उठाया जा रहा है, ताकि पेंशनरों के जीवन स्तर में सुधार हो और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक सुविधाएं मिल सकें। इस सम्मेलन में लगभग 20 राज्यों के करीब 400 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। खंड स्तर के सेवानिवृत कर्मचारी भी सक्रिय रूप से सम्मेलन में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। कामरा ने बताया कि 70 वर्ष से अधिक और 80 वर्ष से कम आयु के सेवानिवृत कर्मचारी अपना एलटीसी लेने के लिए खजाना अधिकारी के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। बैठक में रामकुमार कामरा, कृष्ण कुमार एवं कुलदीप चीमा समेत अन्य कई सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## खेलकूद

### गांव खरक पांडवा में आयोजित हुई 12वीं वार्षिक कबड्डी व कुश्ती प्रतियोगिता

# शहीद भीष्म सिंह की याद में करवाई कबड्डी प्रतियोगिता

- सेमीफाइनल,फाईनल मुकाबलों में हाई-वोल्टेज मैचों ने दर्शकों को बांधे रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा की खेल-धरती कैथल जिले के गांव खरक पांडवा ने एक बार फिर देशभक्ति और खेल जज्बे का शानदार मेल दिखाया। भारतीय नौसेना के जांबाज सिपाही शहीद भीष्म सिंह की अमर शहादत की याद में आयोजित 12वीं वार्षिक कबड्डी एवं कुश्ती प्रतियोगिता दो दिनों तक जोश, उत्साह और उच्च स्तरीय मुकाबलों से गूंजती रही। शहीद भीष्म सिंह ने 22 फरवरी 2006 को भारतीय नौसेना के पोत 'मगर' में हुए विस्फोट के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनकी याद में हर साल फरवरी में यह आयोजन ग्रामीण स्तर पर खेल संस्कृति को मजबूत करने का माध्यम बन चुका है।

शहीद भगत सिंह युवा खेल समिति खरक पांडवा और समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयास से खेल स्टेडियम खरक पांडवा में आयोजित इस दो दिवसीय महाकुंभ की शुरुआत राष्ट्रीय गान और तिरंगे फहराने के साथ हुई। प्रतियोगिता में हरियाणा और पंजाब से महिलाओं एवं पुरुषों की दर्जनों टीमें शामिल हुईं। 20 फरवरी को महिलाओं की ओपन/प्योर एक पंचायत कबड्डी और अन्य इवेंट्स खेले गए, जबकि 21 फरवरी को 75 किलो भार वर्ग एवं ओपन कबड्डी के साथ सुबह 10 बजे से कुश्ती दंगल शुरू हुआ।

मैदान पर रोमांच की कोई कमी नहीं रही। सेमीफाइनल,फाईनल मुकाबलों में हाई-वोल्टेज मैचों ने दर्शकों को बांधे रखा। हर मैच में सरप्राइज इनाम दिए गए।





कैथल। खिलाडियों को संबोधित करते पदाधिकारी तथा मटका दौड में दमखम दिखाती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को ₹5100 नकद पुरस्कार और शील्ड प्रदान की गई, जबकि फाइनलिस्टों को ट्रॉफी, नकद राशि और सम्मान से नवाजा गया। एंट्री फीस पूरी तरह मुफ्त रखी गई, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण टीमें भाग ले सकीं। घरेलू महिलाओं की कबड्डी टीमों ने भी शानदार प्रदर्शन किया, जबकि रस्साकशी और मटका दौड़ जैसे पारंपरिक खेलों ने आयोजन को और रंगीन बनाया।

समाजसेवी सुभाष फौजी बालसंमद और हरियाणा ओलंपिक संघ के जॉइंट सेक्रेटरी रवींद्र पन्नू, सुरेंद्र नैन लितानी पूर्व खाप प्रधान गुरनाम सहारण, सरपंच सुरेश सहारण, पवन सहारण ने विशेष रूप से पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में आगे बढ़ने की सलाह दी और कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण स्तर पर शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और सामुदायिक एकता को मजबूत करते हैं। शहीद की माता रामरति देवी, परिवारजन, सरपंच सुनीता देवी, पूर्व सैनिकों और स्थानीय नेताओं ने भी शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। खेल प्रतियोगिता में सभी ग्रामीणों ने सहभागिता रखी और युवाओं व बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए जागरूक किया।

### यूं रहे परिणाम

पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान पर रहने वाले किछाना की टीम को राशि 31000 प्रदान की गई। दूसरे स्थान पर टीम थिराज हरियाणा जिला सिरसा रही। महिला वर्ग में मतलोढा हिसार टीम को इनाम राशि 25000 रुपये प्रदान की गई। दुसरे स्थान पर मैहणा पंजाब की टीम कोइनाम राशि 21000 रुपये प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप



### टूटी सड़क से हादसों का खतरा बढ़ा

**राजौंद।** कस्बे के मुख्य मार्ग पर टूटी सड़क और जगह-जगह पर बह रही पानी ने राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सड़क पर बने गहरे गड्ढों में पानी जमा होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालक फिसलने के डर से धीमी गति से चलने को मजबूर हैं, वहीं बड़े वाहन चालकों को भी संभलकर निकलना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से सड़क खत्म हो चुकी है, जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। थोड़ी सी बारिश या पानी गिरने पर सड़क पर कीचड़ और जलभराव हो जाता है।

### परमात्मा का विश्वास जीवन में बड़ा सहारा

**सीवन।** धार्मिक सत्संग के दौरान महंत अवध बिहारी दास ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सबसे बड़ा सहारा परमात्मा का विश्वास है।



संसार के संबंध परिस्थितियों के अनुसार बदल सकते हैं, लेकिन ईश्वर का साथ कभी नहीं बदलता। इसलिए मनुष्य को उस परमात्मा का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए, जो हर परिस्थिति में उसके साथ खड़ा रहता है। सुख में प्रभु का स्मरण और दुख में भी प्रभु पर भरोसा ही सच्ची भक्ति है।

### राजौंद नपा नंबर-11 में उप चुनाव की तैयारी तेज

**राजौंद।** राजौंद नगर पालिका वार्ड नंबर 11 मे उप चुनाव की तैयारियां जोरों पर मतदाता सूची संशोधन का कार्यक्रम हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के छह नगर निकायों में होने वाले उपचुनाव को लेकर फोटो आधारित मतदाता सूचियों के संशोधन/अपडेट का कार्यक्रम जारी कर दिया है। राजौंद नगर पालिका सचिव नरेन्द्र शर्मा ने बताया की राजौंद के वार्ड न 11 में पार्षद के लिए उप चुनाव करवाया जाएगा। बता दें की वार्ड 11 की सीट एम सी राजवीर का निधन हो जाने से रिक्त हुई थी। इस संबंध में 16 फरवरी, 2026 को अधिसूचना जारी की गई है।

### लाडवा में कृषि विकास मेला 28 फरवरी से

**कैथल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 28 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक दो दिवसीय कृषि विकास मेला अनाज मंडी लाडवा में लगाया जाएगा। इस मेले का मुख्य विषय जल संरक्षण-प्रति बूंद से अधिक फसल रखा गया है,जिसका उद्देश्य किसानों को जल प्रबंधन की उन्नत तकनीक से अवगत कराना तथा कम पानी में अधिक उत्पादन की दिशा में प्रेरित करना है। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि कृषि विकास मेले के दौरान कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत किस्म के बीजों तथा नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा।

---

जाट कॉलेज परिसर में कार्यक्रम आयोजित, बड़ी संख्या में उमड़े लोग

# विराट हिंदू सम्मेलन में एकता और सांस्कृतिक जागरण का दिया संदेश

**हवन यज्ञ के साथ कार्यक्रम का विधिवत हुआ शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

जाट कॉलेज परिसर में आयोजन समिति अमरगढ़ कॉलोनी द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत हवन-यज्ञ से हुआ, जिसमें मुख्य यजमान के रूप में प्रीति चौहान, नीलम मौदगिल, कार्यक्रम संयोजक अमरजीत छाबड़ा तथा अंबिका छाबड़ा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुति देकर श्रीगणेश किया। इस अवसर पर लगभग 1000 से अधिक श्रद्धालुओं एवं मातृ शक्ति ने यज्ञ में आहुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ भारत माता एवं भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करते हुए 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन से किया गया। कार्यक्रम संयोजक हरियाणा राइस मिलर्स एवं डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज में एकता, जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का मुख्य संदेश 'हिंदू जगेगा तो विश्व जगेगा' है और इसी विचारधारा के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकजुटता मजबूत होती है तथा लोगों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. डी.पी. गुप्ता उपस्थित रहे जबकि मुख्य वक्ता अधिवक्ता प्रीति चौहान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी शक्ति आज समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला बन चुकी है। विशिष्ट अतिथि के रूप में नीलम मौदगिल तथा बलकार नैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, साहस और संरक्षण का प्रतीक माना गया है। आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, सेना, विज्ञान, राजनीति और सामाजिक सेवा सहित प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर देश को प्रगति की ओर अग्रसर कर रही हैं। मौके पर डॉ. प्रभाकर पुरी, सतीश सोनी , नरेंद्र निझावन, शमशेर फौजी, रामफल, ओमप्रकाश, रामकिशन डिगानी, पं. अशोक शर्मा, बी.डी. शर्मा, राणा बंसल, मनजीत, रिंकू सैनी, केशव बंसल, रमेश, इंद्रजीत सरदाना, राजीव सीए, शशि सैनी, रितिका बंसल, कृष्ण शर्मा, राकेश बंसल, ओमप्रकाश गुंबर, हिमांशु गोयल व नागरिक, युवा, महिलाएं एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।




कैथल। दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ करते अतिथि गण। फोटो: हरिभूमि

#### युवाओं को करें प्रेरित

कार्यक्रम संयोजक अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में भाईचारा, जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। उन्होंने युवाओं को संस्कारित करने, समाज के प्रति अपने दायित्व निभाने तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया।

#### महंत गिरी बोले

महंत बलवान गिरी ने अपने आशीर्वचनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। मुख्य अतिथि डॉ. डी.पी. गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मकता, नैतिकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।



कैथल। महंत रमन पुरी महाराज व अन्य हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए।

## हिंदू महासम्मेलन मंत्रोच्चारण एवं जनजागरण के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

नगर के सेक्टर 19 में हिंदू महा सम्मेलन पवित्र हवनयज्ञ एवं मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। महंत रमन पुरी महाराज एवं श्री महंत रूद्र पुरी महाराज ने पूर्ण आहुति डाली एवं उपस्थितजनों को मंगल कामना के साथ आशीर्वाद दिया। उनके साथ महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के कूलगुरू प्रोफेसर डॉ राजेंद्र कुमार अनायथ एवं कुलसचिव डॉ संजय गोयल, शहर के जाने माने समाज सेवी राम प्रताप गुप्ता, बहादुर सैनी एवं डॉ आरपी मान ने भी पूर्ण आहुति डाली। पं नरेश शर्मा एवं उनके विद्यार्थियों ने हवन यज्ञ सम्पन्न करवाया। इसके बाद समाज को सम्बोधित करते महंत रमन पुरी जी ने हिंदू समाज को जागृत होकर जीवन निर्वाहन के लिए प्रेरित किया। कुलगुरू आयंगत ने हिंदू धर्म के सिद्धांतो की व्यावहारिकता का उद्देश्य स्पष्ट किया। डॉ आरपी मान ने हिंदू धर्म में दृढ विश्वास जताते हुए समाज सेवा सैवा में चिकित्सा करने की घोषणा की। समाजसेवी बहादुर सैनी ने हिदुओ को फोन के दुष्प्रभावों से नयी पीढी को बचाने का आग्रह किया। प्रधान अग्रवाल सभा एवं समाजसेवी रामप्रताप गुप्ता ने हिंदू जागरण के इस प्रयास की सराहना की एवं सहयोग की आशा जताई। मख्य वक्ता कुलदीप जी ने संकटकाल में हिंदू समाज के निरन्तर सकारात्मक भूमिका की चर्चा करते हुए महत्व को स्पष्ट किया।

#### भंडारे का आयोजन

उनके लिए सांस्कृतिक गतिविधियों, प्रवचनों एवं भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। प्रसिद्ध भजन गायक रामनिवास आर्य, सलोनी शर्मा एवं मानसी समाज एवं राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत रचनाओं को प्रस्तुत किया। महावीर शर्मा ने स्टेज संचालन किया। संयोजक समिती के सदस्यों माननीय प्रीतम जी की अगुवाई में उमेश शर्मा, सुभाष गिल, सत प्रकाश अग्रवाल, गोपाल भट्ट, अशोक अत्रि, महावीर शर्मा, रामपाल राणा, सुल्तान, सुशील, सुरेंद्र द्विवेदी, रमेश, नूतन एवं अशोक भारद्वाज ने विभिन्न गतिविधियों को सम्पूर्ण।

---

## कलायत में हुआ हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कलायत

कलायत अनाज मंडी में देश की आजादी के बाद पहली बार विराट हिंदू सम्मेलन का खास अंदाज में आयोजन हुआ। इसमें पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने पर्व की भांति कहीं ज्यादा उपस्थिति दर्ज करवाई। सम्मेलन की शुरुआत प्राचीन श्री कपिल मुनि धाम के आंगन में हवन यज्ञ के साथ हुई। ध्वजा यात्रा एवं कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा का समापन अनाज मंडी स्थित कार्यक्रम स्थल पर हुआ। सम्मेलन संयोजक विजेंद्र सहारण कौलेखां, महिला समिति अध्यक्ष सुमन राणा, प्रचार समिति अध्यक्ष राजू कौशिक, समाज सेवी हरीश गर्ग, दया शंकर गर्ग, मुकेश पाराशर, डा.प्रीतम कौलेखां, अजीत, राजेश जेष्ठ, अजय प्रताप राणा, प्रकाश रवि गर्ग, प्रवीण कुमार, मुकेश कुमार, मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन काका राणा, पार्षद रेणू धानियां, नंबरदार संजय सिंगला, रवींद्र निर्मल बंटी, प्रदीप राणा, धर्मपाल धीमान, विभिन्न वार्डों के पार्षदों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उमंग के साथ इसमें हिस्सा लिया। प्राचीन कपिल मुनि मंदिर पुजारी संजय शास्त्री, मटौर गांव से महंत सुमेरदास, ज्योतिषाचार्य विशाल शांडिल्य, रमेश कौशिक व धार्मिक स्थलों के संत-महंतों ने आयोजन में उपस्थिति से विश्व हिंदु परिषद की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लक्ष्य में आहुति खासतौर से डाली।



कलायत। कलायत में हिंदू सम्मेलन में पहुंची मातृ शक्ति। फोटो: हरिभूमि

## जाति को भूलकर हिन्दू बनें : नरेंद्र जिन्दल

- स्वदेशी अपनाकर विश्वगुरु भारत के स्वप्न को साकार करें
- हवन, ध्वज यात्रा व ढोल नगाड़ों के साथ धूम-धाम से मनाया विराट हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

ढांड रोड पर स्थित इंदिरा गांधी पब्लिक स्कूल में भी विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन "समस्त हिन्दू समाज" द्वारा समिति के संयोजक लक्ष्मण दास, सह संयोजक दिनेश, गोल्डी कोषाध्यक्ष चन्द्रगुप्त चन्द्रभान, प्रदीप, कपिल व अन्य सभी सदस्यों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख नरेन्द्र जिंदल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष की यात्रा और भविष्य के भारत के लिए संघ के दृष्टिकोण पर विस्तार से बताया। नरेंद्र जिंदल ने आह्वान किया के अब समय है के हिंदू समाज जाति-धर्म का भेद भूलकर हिन्दू बने और विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए आगे आए। जिंदल ने बताया कि जब-जब हिन्दू बंटा है तब-तब भारत को हानि हुई है। उन्होंने लव जिहाद, घटती हिंदू जनसंख्या और धर्म परिवर्तन के खतरनाक परिणामों से भी समाज को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि अपने आचरण में हम सब भाषा, भजन, भ्रमण और भोजन स्वदेशी रखेंगे तो भारत स्वयं ही विकसित भारत बन जाएगा।





कैथल। हिंदू सम्मेलन में मंच पर बैठे पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

#### हवन से शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ हवन- यज्ञ व मंत्रोचारण से किया। कार्यक्रम के लिए श्री अद्वैत स्वरूप आश्रम से धर्म ध्वजा लेकर संत सार शरणानंद के नेतृत्व में और आदर्श नगर से भगवा निशान व ढोल-नगाड़ों के साथ समाज के बंधु जयघोष लगाते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ निशांत जैन, संत समाज और गणमान्य बंधुओं द्वारा भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पण से कार्यक्रम शुरू किया गया।

---

## रधाना ग्रामीणों ने कुलदीप रंधावा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

**ग्रामीणों ने जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि का किया भव्य स्वागत**

जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा का ग्रामीणों ने मालाएं पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने गांव में एक नई व्यायामशाला का उद्घाटन किया और एक टैंक पानी का भी दिया। जिसे ग्रामवासियों द्वारा पानी की समस्या का भी समाधान होगा। रधाना गांव के सरपंच रामकुमार, पूर्व सरंपच सूरजमल, रामफल शर्मा, पूर्व सरपंच नरेश, सुभाष फौजी, बलबीर दुग्गल सहित सम्मानित ग्रामवासियों ने प्रतिनिधि चेयरमैन कुलदीप रंधावा को पगड़ी और चादर भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्हें मेमेंटो भी दिया गया। इस अवसर पर गांव की पंचायत ने अपनी मांगें रखी और सरपंच ने गांव के विकास के लिए लिखित रूप में मांग पत्र सौंपा।



जींद। कुलदीप रंधावा को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## शिविर में 375 ने करवाई जांच

**1000 रोबोटिक घुटना ऑपरेशन की उपलब्धि पर मनाया उत्सव**

**कैथल।** लॉर्ड रामा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कैथल द्वारा हनुमान वाटिका में नया कदम, नई जिंदगी नाम से निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अस्पताल से हनुमान वाटिका तक निकाली गई मैराथन व साइकिल रैली से हुई। इसमें डॉक्टरों व स्टाफ ने भाग लेकर आमजन को रोजाना सैर करने, सक्रिय जीवनशैली अपनाने और घुटनों की सेहत का ध्यान रखने का संदेश दिया। शिविर में 375 लोगों ने घुटनों व अन्य रोगों की जांच करवाकर चिकित्सकों से परामर्श लेकर टेस्ट करवाए व दवाइयां ली। अस्पताल के डायरेक्टर व हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सितेंद्र गर्ग ने कहा कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और समय पर शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है। ऑपरेशन करवा चुके 654 मरीज शामिल हुए।





कैथल। डायरेक्टर डॉ. सितेंद्र गर्ग लोगों के साथ मिलकर केक काटते हुए।

#### यह रहे मौजूद

रोबोटिक तकनीक से किए गए एक हजार सफल घुटना ऑपरेशनों की उपलब्धि पर केक काटकर जश्न मनाया गया जिसे उपस्थित लोगों ने ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। विजेता मरीजों को अस्पताल प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर अस्पताल के प्रबंधक सुमित गर्ग, डा. राजा नाहिद, डा. तोशिफ, ज्ञानचंद गर्ग, फार्मासिस्ट राजेन्द्र, बलिन्द्र, मोहित आदि उपस्थित थे।

## सुरभि गर्ग ने पार्क में ओपन जिम और झूलों का किया उद्घाटन



**कैथल।** शहर के वार्ड नंबर चार की इंपलाइज कालोनी में बने पार्क में ओपन जिम व झूले लगाए गए हैं। नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने इसका उद्घाटन किया। इस दौरान वार्ड से कांग्रेस समर्थित पार्षद महेश गोगिया व कालोनी वासियों ने नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग के कार्यों की सराहना की। पार्षद व कालोनी वासियों ने बताया कि नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग बिना किसी भेदभाव के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवा रही हैं। वार्ड चार में अब तक चार करोड़ के विकास कार्य हो चुके हैं, आगे भी 65 लाख से होने वाले विकास कार्यों को लेकर टेंडर लगाए जाने हैं, इसकी डिमांड चेयरपर्सन को दी गई है। नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि कालोनी में जिन सड़कों की मरम्मत की आवश्यकता है, उनका कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ करवाया जाएगा।

- चार करोड़ के विकास कार्य होने पर गदगद नजर आए कांग्रेस समर्थित पार्षद महेश

---

## हम जल की महत्ता को समझें

- डिप्टी स्पीकर बिना लाव लश्कर के खुद कार चला पहुंचे पिंडारा
- प्रोजेक्ट अमृत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के तहत पांडू पिंडारा तीर्थ घाट पर भव्य स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

संत निरंकारी मिशन की प्रेरणा से एवं संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में प्रोजेक्ट अमृत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के तहत रविवार को पांडू पिंडारा तीर्थ घाट में विशाल स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा पहुंचे। कार्यक्रम स्थल तक डिप्टी स्पीकर बिना किसी लाव लश्कर, सिक्योरटी के आए। बाकायदा उन्होंने खुद इनोवा गाड़ी भी ड्राइव की। पिंडारा तीर्थ पर पहुंच कर सेवादारों के साथ स्वच्छता अभियान में सहयोग किया।



जींद। स्वच्छता अभियान में सहयोग करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

#### जल संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं

इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि स्वच्छता अभियान के माध्यम से सर्वसमाज को जो प्रेरक संदेश दिया जा रहा है वो काबिलेतारिफ है। हम जल की महत्ता को समझें, उसकी कद्र करें और जल संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। क्योंकि भविष्य में जल की कमी एक गंभीर चुनौती बन सकती है। सेवादार मोहनलाल ने बताया कि मिशन की आदरणीय सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के मार्गदर्शन में रविवार को पूरे भारतवर्ष में 1500 से अधिक जल स्रोतों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर इसी प्रकार के स्वच्छता अभियान आयोजित किए गए हैं।

---

**प्रतिदिन प्राणायाम या ध्यान करने से मन शांत और आत्मबल भी बढ़ता है**

प्राचार्य रविंद्र कुमार ने परीक्षा सत्र के अवसर पर विद्यार्थियों को दिया संदेश

## संतुलित आहार और सकारात्मक सोच ही है सफलता की कुंजी: प्राचार्य रविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने परीक्षा सत्र के अवसर पर विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि परीक्षा जीवन का एक सामान्य और आवश्यक भाग है। इसे किसी भी प्रकार का भय या तनाव का कारण नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि परीक्षा नजदीक आते ही बच्चे अनावश्यक तनाव लेने लगते हैं, खाना-पीना कम कर देते हैंए पर्याप्त नींद नहीं लेते और देर रात तक पढ़ाई करते रहते हैं। यह आदतें उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। परीक्षा केवल आपकी योग्यता को परखने का एक माध्यम है। यह जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं है। यदि विद्यार्थी पूरे वर्ष नियमित अध्ययन करते हैं तो परीक्षा के समय घबराने की कोई आवश्यकता नहीं रहती। सबसे महत्वपूर्ण है आत्मविश्वास और संतुलन। उन्होंने बताया कि तनाव लेने से स्मरण शक्ति कमजोर होती है और पढ़ा हुआ विषय भी ठीक से याद नही रहता। कई विद्यार्थी परीक्षा के दिनों में भोजन कम कर देते हैं। जिससे शरीर को आवश्यक पोषण नहीं मिल पाता और कमजोरी महसूस होती है। कुछ छात्र देर रात तक जागकर पढ़ाई करते हैं और नींद पूरी नहीं करते। इससे दिमाग थक जाता है और एकाग्रता में कमी आ जाती है। प्राचार्य ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। संतुलित आहार और पर्याप्त नींद अत्यंत आवश्यक है।



मोतीलाल स्कूल के प्राचार्य रविंद्र कुमार।

- परीक्षा केवल आपकी योग्यता को परखने का एक माध्यम है

#### प्राचार्य ने अभिभावकों से भी अपील की

प्राचार्य ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें। उन्होंने कहा कि हर बच्चा अलग होता है और उसकी क्षमता भी अलग होती है। तुलना करने से बच्चों का आत्मविश्वास कमजोर होता है। अभिभावकों का कर्तव्य है कि वे बच्चों को प्रोत्साहित करें न कि उन पर अपेक्षाओं का बोझ डालें। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि यदि किसी प्रश्न का उत्तर तुरंत याद न आए तो घबराएं नही बल्कि शांत मन से अगले प्रश्न पर ध्यान दें। परीक्षा कक्ष में समय प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। पहले वे प्रश्न हल करें जिनमें पूर्ण आत्मविश्वास हो, फिर शेष प्रश्नों पर विचार करें और परीक्षा के दिनों में हल्का व्यायाम, योग और ध्यान करना अत्यंत लाभकारी होता है। इससे मानसिक तनाव कम होता है और एकाग्रता बढ़ती है।